कोतवाली क्षेत्र में कबाड़ चोरों के हौसले बुलंद

मल्हार पार्क बैढ़न के वाटर एटीएम को कबाड़ चोर बना रहे निशाना, दो माह के दौरान दूसरी बार प्रयास

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 जून। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में कबाड़ माफिया गिरोह का आतंक इस तरह बढ़ गया है कि लोगबाग रतजगा करने को मजबूर हैं। आरोप है कि कथित पुलिस कर्मियों का संरक्षण मिला हुआ है। शाम ढलते ही बलियरी के एनटीपीसी के पाइपो को कटर मशीनों से काटने लगते हैं। यह बात किसी से भी छुपी नही है। वहीं कबाड़ चोर अब वाटर एटीएम मशीन को निशाना बना रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बैढ़न शहर के मल्हार पार्क में आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित वाटर एटीएम अब कबाड़ चोरों के निशाने पर आ गया है। बताया जाता है कि अज्ञात चोरों ने

वाटर एटीएम के दरवाजे को काटकर अंदर घुसने का प्रयास किया। हालांकि लोगों की नजर पड़ जाने के कारण उनका मंसूबा पूरा नहीं हो सका और वे मौके से फरार हो गए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वाटर एटीएम के भीतर कॉपर, एल्युमीनियम, लोहे के उपकरण, मोटर, पाइप और अन्य कीमती सामग्री लगी हुई है, जिस पर चोरों की नजर है। घटना के बाद कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में सक्रिय कबाड़ चोरों को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक संपत्तियों पर लगातार मंडरा रहा खतरा सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस वाटर एटीएम को जनता की सुविधा के लिए लगाया गया था, वह आज तक लोगों के किसी काम नहीं आया। गर्मी के पूरे सीजन में लोग पीने के पानी के लिए परेशान होते रहे, लेकिन यह सुविधा शुरू नहीं हो सकी।

बलियरी क्षेत्र में कबाड़ियों का बोलबाला

कोतवाली क्षेत्र के बलियरी में रात 10 बजे के बाद कबाड़ियों का आतंक शुरू हो जाता है। यदि सूत्रों की बात माने तो पिकअप वाहन में बकायदे गैस कटर लेकर आते हैं और पाइपो को टुकड़ों में काटकर उठा ले जा रहे हैं। जबकि बलियरी क्षेत्र अतिसंवेदन शील है। यहां पुलिस उस दिन गस्त करती है, जिस दिन कबाड़ी नही आते। चर्चाएं तो यहां तक की जा रही हैं कि कबाड़ियों के लिए मुखबिरी भी कथित पुलिस कर्मी करते हैं। चोरी की कबाड़ सामग्री लेकर कब निकलना है, किस रास्ते से जाना है, उन्हें रूट बता दिया जाता है। यदि सूत्रों की बातों में दम है तो कोतवाली के कथित पुलिस कर्मी सवालों के घेरे में है। कबाड़ियों पर पुलिस की मेहरवानी इन दिनों जहां चर्चाओं का विषय बना हुआ है, वहीं मकानो का निर्माण कराने वाले मालिक रतजगा करने के लिए मजबूर हैं।

वाटर एटीएम से एक गिलास पानी भी नसीब नही

स्थानीय नागरिकों का दावा है कि मेंटेनेंस के नाम पर हजारों रुपये खर्च किए गए, फिर भी आम लोगों को एक गिलास पानी तक नसीब नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि यदि इस व्यवस्था का समय पर संचालन नहीं होना था तो इतना महंगा वाटर एटीएम लगाने का औचित्य क्या था। नागरिकों का तर्क है कि इसी राशि से किसी जरूरतमंद व्यक्ति को मटके रखकर पानी पिलाने की जिम्मेदारी दी जाती तो रोजगार भी मिलता और जनता को सीधा लाभ भी मिलता। घटना के बाद नागरिकों ने नगर निगम और पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने, वाटर एटीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा इसे जल्द चालू कराने की मांग की है।

तबादला सूची को लेकर सत्ता के गलियारों में चर्चा

ट्रांसफर सीजन में उगाही-बगाही को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 जून। म.प्र. में तबादलों का दौर शुरू होते ही सिंगरौली जिले में सत्ता, संगठन और प्रशासन से जुड़ी चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है।

सूत्रों के मुताबिक जिले के विधायकों एवं भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा शिकायतों के आधार पर कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले के लिए तैयार की गई सूची प्रभारी मंत्री को सौंपी गई थी। अब राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज है कि उक्त सूची कथित रूप से कुछ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं तक भी पहुंच गई है। चर्चा यह भी है कि सूची में शामिल कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले से ही अपने नाम होने की जानकारी मिल गई थी। कई कर्मचारी अनौपचारिक बातचीत में यह कहते सुने जा रहे हैं कि उनके खिलाफ तबादले का प्रस्ताव गया था, लेकिन उनका मामला मैनेज हो जाएगा। हालांकि इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ऐसी चर्चाएं भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच भी सुनाई दे रही हैं।

राजनीतिक हलकों में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि सूची वास्तव में गोपनीय थी तो आखिर वह बाहर कैसे पहुंची।

तबादला सूची में नाम बता कर उगाही-बगाही का खेल

सूत्रों का दावा है कि सूची का हवाला देकर कुछ लोग प्रभाव और पहुंच का दावा कर रहे हैं। यहां तक कि तबादला सूची में नाम होने का भय दिखाकर कथित रूप से लेन-देन और उगाही की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। जिले की राजनीति पर नजर रखने वालों का कहना है कि प्रभारी मंत्री के पूर्व सिंगरौली दौरों के दौरान भी राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रही हैं। विपक्षी दलों के नेता भी समय-समय पर प्रभारी मंत्री की कार्यप्रणाली और उनके कथित ओएसडी को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। ऐसे में तबादला सूची को लेकर चल रही ताजा चर्चाओं ने एक बार फिर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल न तो सूची के लीक होने की आधिकारिक पुष्टि हुई है और न ही उगाही संबंधी चर्चाओं की, लेकिन राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में यह मामला चर्चा का प्रमुख विषय बना हुआ है।

एक नजर में

बैरदह में महिला कांग्रेस की बैठक, संगठन मजबूती पर जोर

सिंगरौली। महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं जिला सिंगरौली प्रभारी कुमुदिनी सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक बैरदह क्षेत्र में महिलाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति, संगठन की विचारधारा तथा महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कुमुदिनी सिंह ने उपस्थित महिलाओं से कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सरस्वती सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी, लल्लाराम पांडेय, संकठा सिंह, भूपेंद्र कुमार द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम पनिका सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन मौजूद रहे।

उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार को मिली राहत

सिंगरौली। म.प्र. शासन के वाणिज्यिक कर विभाग ने सिंगरौली के उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार की सेवा समाप्ति के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह निर्णय परिहार द्वारा प्रस्तुत अपील पर विचार करने के बाद लिया गया। जानकारी के अनुसार महानीरिक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा 11 जून को जारी आदेश के माध्यम से दो से अधिक संतान होने के आधार पर श्री परिहार की सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। इसके विरुद्ध उन्होंने 15 जून को शासन के समक्ष अपील प्रस्तुत की। मामले की सुनवाई के दौरान उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत तथ्यों पर विचार किया गया। शासन ने माना कि अपील के अंतिम निराकरण में समय लग सकता है तथा इस दौरान सेवा समाप्ति आदेश प्रभावी रहने से अपीलकर्ता को अपूरणीय क्षति हो सकती है। वहीं 11 जून के आदेश पर स्थगन आदेश दिया है।

पश्चिमी बाइपास पर खड़े ट्रक से टकराया टेंपो

देवसर। जियावन थाना के समीपी देवसर पश्चिमी बाईपास पर आज सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। सड़क किनारे खड़े ट्रक में एक टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि टेंपो चालक बाल-बाल बच गया और उसे गंभीर चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पश्चिमी बाईपास पर लंबे समय से ट्रकों की अवैध एवं अंधाधुंध पार्किंग की जा रही है। सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों के कारण आवागमन प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है।

जिपं सीईओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

सिंगरौली। कलेक्ट्रेट सभागार में जिपं सीईओ जगदीश गोमे की अध्यक्षता विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसलों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। अब जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों के लिए एक समान मानसिक स्वास्थ्य नीति लागू करना अनिवार्य होगा।

कुकिंग प्रतियोगिता बैढ़न में 18 को

सिंगरौली। पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 18 जून को दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत बैढ़न में कुक कम हेल्पर्स के लिए कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन में उपयोग होने वाली सामग्री से पौष्टिक, स्वादिष्ट, स्वच्छ तथा बच्चों की रुचि के अनुरूप नवीन व्यंजनों को प्रोत्साहित करना एवं स्थानीय खाद्य परंपराओं को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाज, दालें, हरी सब्जियां, मोटे अनाज तथा अन्य पोषक तत्वों से युक्त खाद्य सामग्री का उपयोग करते हुए ऐसे व्यंजन तैयार करने होंगे और लागत के मध्य संतुलन स्थापित हो।

यह सम्मान पूरे समाज का है : डॉ .डीके मिश्रा

जबलपुर में 5वीं एंडो डायलॉग कॉन्फ्रेंस में हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 जून। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लंबे समय से किए जा रहे समर्पित, निस्वार्थ और उत्कृष्ट कार्यों के लिए वरिष्ठ चिकित्सक मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम संचालक डॉ. डीके मिश्रा को प्रतिष्ठित कम्युनिटी सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान जबलपुर में आयोजित 5वीं एंडो डायलॉग कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदान किया गया। सम्मान मिलने की खबर से चिकित्सा जगत एवं उनके शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। सम्मान प्राप्ति पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी सहयोगियों और नागरिकों का है जिन्होंने समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए उनके प्रयासों में साथ दिया। उन्होंने भविष्य में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जनसेवा जारी रखने का संकल्प दोहराया। डॉ. डीके मिश्रा को कम्युनिटी सर्विस अवॉड मिलने पर उनके सहयोगियों, सामाजिक संगठनों, शुभचिंतकों एवं नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। सम्मेलन में म.प्र. के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अजय विश्वनोई, एनएससीबी मेडिकल कॉलेज जबलपुर के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. ऋचा शर्मा, वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश गुमास्ता, अपोलो जबलपुर ग्रुप के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया सहित चिकित्सा क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहे।

अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध : रामनिवास

करौटी एवं खटखरिया में सांसद व विधायक और ग्रामीणों की उपस्थिति में योजनाओं की हुई समीक्षा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 जून। तियरा मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत करौटी एवं ग्राम खटखरिया में सीधी-सिंगरौली लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने क्षेत्रीय भ्रमण कर ग्रामीणजनों से संवाद किया। इस दौरान सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सांसद व विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ और उनके जमीनी क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान सांसद ने पीएम

आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से भेंट कर उनसे सीधे संवाद किया। उन्होंने योजनाओं से मिल रहे लाभों की जानकारी ली तथा ग्रामीणों की समस्याओं, सुझावों व विकास संबंधी आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पूर्व सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, जनपद सदस्य किरण शाह, सरपंच मेघनाथ बैस, पूर्व सरपंच भगवान दास शाह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भी क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यों से जुड़े सुझाव जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखे, जिनके निराकरण का आश्वासन दिया गया।

मोरवा में फांसी के फंदे पर झूला युवक

सिंगरौली 15 जून (एनबीएन)। मोरवा थाना क्षेत्र के समीपी वार्ड क्रमांक 5 नेहरू नगर निवासी एक युवक अल सुबह फांसी के फंदे पर झूल आत्महत्या कर लिया है। पुलिस के अनुसार नेहरू नगर निवासी अमित पटेल पिता स्व. भगवानदास पटेल उम्र 33 वर्ष अपने बड़े भाई के साथ रहता था और आज सुबह कमरे में फांसी पर लटकता हुआ मिला। मृतक के बड़े भाई धनंजय ने फांसी के फंदे पर लटकता देख हल्लागुहार किया, लेकिन तब तक में अमित की मौत हो चुकी थी। जहां कारण अज्ञात है।

एनटीपीसी रिहंद में मैजिक शो एवं पिज्जा पार्टी का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

रिहंदनगर 15 जून। एनटीपीसी रिहंद के सीएसआर अंतर्गत 21 मई से 16 जून तक संचालित बालिका सशक्तिकरण अभियान सपनों की उड़ान के एक माह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 15 जून को प्रतिभागी बालिकाओं के लिए एक विशेष मैजिक शो एवं पिज्जा पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को मनोरंजन के साथ एक प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना था, जिससे वे अपने प्रशिक्षण के दौरान उत्साह और ऊर्जा के साथ सीखने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सके। इस अवसर पर आयोजित आकर्षक मैजिक शो ने बालिकाओं को रोमांच, आश्चर्य और

आनंद से भर दिया। जादूगर की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया और बालिकाओं के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं ने पिज्जा पार्टी का भी आनंद लिया, जिससे उनके लिए यह दिन और भी यादगार बन गया। सीखने और मनोरंजन का यह अनूठा संगम प्रतिभागियों के लिए एक सुखद अनुभव साबित हुआ।

एमपीईबी के आठ कनिष्ठ अभियंता स्थानांतरित

सिंगरौली 15 जून (एनबीएन)। एमपीईबी संचा/संधा वृत्त सिंगरौली के आठ कनिष्ठ अभियंताओं का प्रशासनिक आधार पर अधीक्षण अभियंता अजीत सिंह बघेल ने तबादला किया है। कनिष्ठ अभियंता विशाल आनंद बरगवां से रजमिलान, राजीव कुमार चौरसिया बैढ़न जोन से बरगवां, प्रभाकर सिंह बैढ़न से सरई, रितेश सिंह रजमिलान से देवसर, प्रमोद कुमार राय सरई से बैढ़न, प्रियतम कुमार राय माड़ा से बैढ़न , रामावतार द्विवेदी निवास से माड़ा एवं रामप्रसाद साकेत देवसर से निवास के लिए तबादला किया गया।

हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करें : गौरव

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 जून। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, जनकल्याणकारी गतिविधियों तथा विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने 12 से 18 जून तक जिले में संचालित जनकल्याण शिविरों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि विकासखंड स्तर के सभी विभागीय अधिकारी शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करें तथा उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करें। साथ ही ग्राम स्तर पर क्लस्टर निर्धारित कर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में समान नागरिक संहिता के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया।

सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने की पीपल पूजन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 जून। सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर आज सोमवार को जिला मुख्यालय बैढ़न सहित गनियारी 14 टोला, देवरा और आसपास के कई गांवों में महिलाओं ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ पीपल वृक्ष की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही महिलाओं की भीड़ मंदिरों एवं पीपल वृक्षों के आसपास जुटने लगी। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि, पति की दीर्घायु और संतान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शव वाहन के लिए परिजनों को घंटों करना पड़ा इंतजार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 जून। जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम समदा में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में बिजली फिटिंग का कार्य कर रहे 23 वर्षीय युवक की छत से गिरने के कारण मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोड़गवा निवासी राम लल्लू विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष पिता त्रिवेणी प्रसाद विश्वकर्मा, समदा गांव में एक मकान की छत पर बिजली फिटिंग का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर पड़े। गंभीर रूप से घायल अवस्था में परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां

चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं इस घटना ने एक बार फिर देवसर क्षेत्र में शव वाहन की अनुपलब्धता की समस्या को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में स्थायी शव वाहन न होने के कारण किसी भी दुर्घटना या मौत की स्थिति में परिजनों को शव ले जाने के लिए कई घंटों तक इंतजार करना पड़ा।

गरीबों व छोटे व्यवसायियों को सशक्त बनाने में बड़ा कदम : सविता

नगर निगम की विशेष पहल, एक ही छत के नीचे मिलेंगी सरकारी सेवाएं, आयुक्त ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 जून। अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ हो गया है।

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं ननि आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशन में आयोजित यह विशेष शिविर आज 15, 16 एवं 18 जून को लगाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता के काम को आसान बनाना और सरकारी योजनाओं को सीधे उनके दरवाजे तक पहुँचाने के साथ-साथ समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। यह शिविर आम नागरिकों के लिए बेहद सुविधाजनक और नागरिक-

अनुकूल बनाया गया है, जहाँ पूरे जून महीने चलने वाले पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेले का तालमेल भी देखने को मिल रहा है।

वहीं ननि आयुक्त सविता प्रधान ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि नगर निगम का ध्येय श्रम से समृद्धि और डिजिटल से समृद्धि के संकल्प को धरातल पर उतारना है। यह शिविर नगरीय क्षेत्र के हर गरीब, श्रमिक, महिला व छोटे व्यवसायी को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का एक बड़ा माध्यम बनकर उभरा है। इस अवसर पर ननि डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।